फर्द अहकाम

कार्यालय सहायक कलक्टर(SDO) मावली, उदयपुर

प्रार्थी :– श्री परसराम **विपक्षी :– राज्य**

किस्म मुकदमा – 136 भू.रा.अधि. **पत्रावली संख्या : 69/19**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 18.12.2019

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी द्वारा उपस्थित होकर प्रार्थी का नाम राजस्व रेकार्ड में प्रभु पिता चतरभुज दर्ज है जिसे सही करा परसराम किया जाने का निवेदन किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। प्रार्थी की बहस पर मनन किया। प्रार्थी द्वारा राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी का नाम प्रभु पिता चतरभुज गलत अंकित होना बताया जिसे दुरूस्त किया जाने का निवेदन किया। राजपैरोकार मावली द्वारा जवाब प्रस्तुत कर नाम गलत अंकित होने से उसे संशोधन किया जाने हेतु कोई आपत्ति जाहिर नहीं की है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के समर्थन में ग्राम पंचायत थामला का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बैंक पास–बुक प्रति, जमाबन्दी नकल, सेटलमेन्ट की नकल प्रस्तुत कर नाम संशोधन किया जाने का निवेदन किया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत पहचान पत्र दस्तावेज में प्रार्थी का नाम परसराम पिता चतरभुज अंकित है। प्रार्थी द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र दिनांक 03.12.19 भी प्रस्तुत किया जिसमें प्रभु और परसराम को एक ही व्यक्ति होना बताकर माल थामला का निवासी होना बताया हैं। उक्त प्रस्तुत दस्तावेजों में प्रार्थी का नाम परसराम होना जाहिर आया हैं। राजपेरोकार द्वारा नाम संशोधन में कोई आपत्ति जाहिर नहीं की हैं। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर प्रार्थी का नाम राजस्व रेकार्ड में गलत अंकित होने से सही किया जाना उचित प्रतीत होता हैं। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता हैं।

–: आदेश :–

परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू. राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जात है कि मौजा थामला पटवार हल्का थामला की जमाबन्दी खाता सं. 15, 349, 350, 572 में खातेदार प्रभु पिता चतरभुज के बजाय प्रभु उर्फ परसराम पिता चतरभुज संशोधन किया जावे। पालना हेतु तहसीलदार मावली को लिखा जावें। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो ।

निर्णय खुले ईजलास लिखा जाकर सुनाया गया।

(अक्षय गोदारा IAS)
सहायक कलक्टर
(SDO)मावली

Signature Not Verified
Digitally signed by Akshay Godara
Date: 2020.01.28 16:05:34 IST
Reason: SelfAttested